



# मछली कांड पर एक्शन, प्रशासन को सराहा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 5 सितम्बर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शहर में छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर प्रशासनिक कार्यों की सराहना की है.**

भोपाल में बहुचर्चित मछली कांड प्रकरण जिसमें छात्राओं के साथ छेड़छाड़, ड्रग्स, लव जिहाद और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के गंभीर आरोप सामने आए थे. इस पर प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्रवाई शुरू किए जाने और अब तक लिए गए एक्शन को सराहा गया. 25 अप्रैल 2025 को रायसेन रोड स्थित एक निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ हुई घटना के विरोध में परिषद ने आंदोलन की शुरुआत की. 29 अप्रैल 2025 को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बेटियों की सुरक्षा दो, अपराधियों को सजा दो के नारे लगाए.



**कॉलेज की छात्राओं के साथ हुई घटना का किया था विरोध**

## शारिक मछली के खिलाफ जल्द पेश होगा पूरक चालान



**भोपाल.** राजधानी में पुलिस अब मछली परिवार पर कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है. आरोपी शारिक मछली के खिलाफ अब जल्द ही पूरक चालान पेश हो सकता है. अशोका गार्डन थाना पुलिस एक पुराने मामले में पूरक चालान पेश करने की तैयारी पूरी कर चुकी है. पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने मामला संज्ञान में आने पर शारिक और तारिक मछली के खिलाफ पूरक चालान पेश करने के आदेश दिए हैं. जानकारी के अनुसार इस मामले में थाने के तत्कालीन टीआई रहे अनूप उइके को भी नोटिस जारी किया गया है. पीडित के अनसुार उइके ने चालान से दोनों ही मछली भइयों के नाम हटाए थे.

# आज शहर में यातायात रहेगा डायवर्ट

## अनंत चतुर्दशी –गणेश विसर्जन निकेलगा जुलूस

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 5 सितम्बर. अनन्त चतुर्दशी –गणेश विर्सजन के अवसर पर शनिवार को प्रातः–9 बजे प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. शहर में छोटे–छोटे जुलूस के रूप में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बैरागढ एवं हताईखेड़ा डेम पर पृथक–पृथक किया जायेगा.**

इस अवसर पर भारत टाकीज चैराहे से देर शाम 7 बजे गणेश प्रतिमाओं एवं झाकियों के साथ मुख्य चल समारोह प्रारंभ होगा. जो इतवारा चौराहा, गणेश चोक मंगलवारा, गल्ला मण्डी हनुमानगंज, छोटे भैया चैराहा, जनकपुरी, जुमेराती, पुराना पोस्ट आफिस, सिंधी मार्केट, पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमला पार्क से होकर कमलापति घाट पर समापन होगा. साथ ही कुछ झाकियां पालिटेक्निक चैराहा से डिपो चैराहा, 25 वीं वाहिनी के सामने भदभदा तिराहा होकर प्रेमपुरा घाट पर विर्सजन होगा. चल समारोह के दौरान आवश्य कतानुसार यातायात व्यवस्था परिवर्तित रहेगा. प्रातः 8 बजे से आगामी आदेश तक शहर में सभी प्रकार के अनुमति प्राप्त/बिना अनुमति प्राप्त भारी वाहन खजूरी सडक, मुबारकपुर, लाम्बाखेडा चैराहा, इस्लाम नगर, चैपडा कला चैराहा, पटेल नगर, 11 मील, रातीबढ, लालघाटी, नरसिंहगढ तिराहा, एयरपोर्ट चैराहा, करौंद चैराहा, भानपुर चैराहा, रत्नागिरी से आगे शहर के सभी ओर आना–जाना प्रतिबंधित रहेगें. शाम– 5 बजे से सभी प्रकार के सिटीबस/ मैजिक/ आदि वाहन भारत टाकीज चैराहा, अल्पना तिराहे, नादरा बस स्टेण्ड चैराहा एवं भोपाल टाकीज चैराहे की ओर आना–जाना प्रतिबंधित रहेंगे. शाम– 6 बजे से मंगलवारा थाना तिराहा, दयानंद चैक, जुमेराती पानी की टंकी तिराहा, पुरानी सब्जी मण्डी की ओर से किसी भी प्रकार का कोई वाहन घोडा नक्कास, बस स्टेण्ड की ओर नही जा सकेगें.

## पति मारपीट कर बोला– तीन तलाक

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 5 सितम्बर. राजधानी में तीन तलाक का मामला सामने आया है. पीड़िता के पति ने मारपीट करते हुए अपनी पत्नी को तीन तलाक बोल दिया. पीड़िता ने इस मामले में पुलिस में शिकायत कर दी है.**

पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी पति पर कार्रवाई शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक भोपाल के टीला जमालपुर इलाके की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसका निकाह हुआ था. पीड़िता का 24 वर्षीय पति असलम शादी के बाद से ही लगातार मारपीट करता था. पीडिता क्षेत्र के इंद्रा नगर अपनी ससुराल में रहती थी और पति की प्रताड़ना को इतने दिनों से झेल रही थी. गुरूवार को भी पीड़िता के पति ने मारपीट की और इस दौरान उसने महिला को तीन तलाक बोल कर घर से बाहर निकाल दिया. पीडिता अपनी एक साल की बेटी को लेकर अपने मायके पहुंची.

जहां उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी. इसके बाद महिला अपने परिजनों के साथ थाने पुहंची. जहां उसने पति के खिलाफ मामले की शिकायत दर्ज कराई.

### सट्टा चलाने वाली गैंग पर पुलिस का एक्शन

**भोपाल.** टीटी नगर थाना पुलिस ने एक ही दिन में क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर सट्टा चलाने वाले गैंग के खिलाफ कार्रवाई की. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सटोरियों को भी धर दबोचा है. जानकारी के अनुसार दशहरा मैदान और चक्की चौराहा जैन मंदिर के आस–पास सटोरिये सक्रिय होकर पर्ची चलाते हुए लोगों को इसमें शामिल कर रहे थे. जिसकी जानकारी सामने आने पर पुलिस की अलग–अलग टीमों ने संबंधित स्थानों पर पहुंच कर कार्रवाई की. पुलिस ने इस दौरान आरोपियों राकेश सोलंकी, संदीप जाटव, संजय द्विवेदी और राजेश राजपूत पर कार्रवाई पूरी की है.

# स्वास्थ्य सुधारों से मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी

**भोपाल,05 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के केन्द्रित एवं समन्वित प्रयास अब ठोस परिणाम दे रहे हैं.मध्यप्रदेश मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में सही मार्ग पर है.**

हम स्वास्थ्य अधोसंरचना, मैनपावर वृद्धि, सतत मॉनिटरिंग और ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान के माध्यम से देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आने के लिए संकल्पित हैं.

सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम–2023 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किए हैं—

मातृ मृत्यु दर 159 से घटकर 142,नवजात मृत्यु दर 29 से घटकर 27,शिशु मृत्यु दर 40 से घटकर 37,पाँच वर्ष से कम आयु मृत्यु दर 49 से घटकर 44 हो गई है.उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सफलता आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, नर्स, डॉक्टरों, विशेषज्ञों और प्रशासन की टीम भावना का परिणाम है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 7 अप्रैल 2025 को मातृ–शिशु संजीवन मिशन और अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.



इस मिशन के तहत वर्ष 2030 तक लक्ष्य रखा गया है—मातृ मृत्यु दर को 80 प्रति लाख से कम करना,नवजात मृत्यु दर को 10 प्रति हजार से कम करना,शिशु मृत्यु दर को 20 प्रति हजार से कम करना और अनमोल 2.0 और ई–पीएमएसएमए जैसे डिजिटल टूल्स से हाई रिस्क गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान और प्रबंधन किया जा रहा है.

### स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

गर्भवती महिलाओं की नियमित जाँच हर माह की 9 और 25 तारीख को पोषण किट, आयरन सप्लीमेंट और इंजेक्शन की उपलब्धता चिन्हित अस्पतालों को एफआरयू के रूप में सक्रिय कर HDU/ICU, SNCU/NBSU को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करना ,सीएचसी और पीएचसी को सुदृढ़ बनाना, टेलीमेडिसिन सेवाएँ उपलब्ध कराना,हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान और समय पर देखभाल करना होगा.

## आरोप से तनाव में आकर युवक ने की आत्महत्या

**भोपाल.** अशोका गार्डन इलाके में किराए के मकान में रहते हुए 21 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक के आत्महत्या करने के पीछे एक परिवार का नाम सामने आ रहा है. मृतक के भाई ने संबंधित परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. जानकारी के अनुसार मृतक निखिल अग्रवाल अशोकागार्डन में रहते हुए आटो चालक का काम करता था. जिस बिल्डिंग में निखिल रह रहा था, उसी बिल्डिंग की एक महिला ने निखिल पर अपनी बेटी को गलत तरीके से छूने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की थी. हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों का राजानामा करा दिया था. मृतक निखिल के भाई का इस पर कहना है कि निखिल लगातार सभी से यह कहता रहा कि उसने लड़की के साथ ऐसा कुछ भी नहीं किया था. इस बात को लेकर वह लगातार तनाव में भी था. निखिल को उसके परिवार के लोगों के साथ ही मकान मालिक ने भी बहुत समझाया था.

# सूने मकानों का ताला तोड़ कर जेवरात ले उड़े चोर

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 5 सितम्बर. राजधानी के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में सून मकान में चोरी का मामला सामने आया है.**

जहां चोरों ने ताला तोड़ कर घर के अंदर रखे सोने–चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर लिए. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार फरियादी लक्ष्मी बंसल पति अशोक निवासी आशादीप अपार्टमेंट विजय नगर ने कोहेफिजा थाने में सूचना दी है कि गुरूवार को अज्ञात चोरों ने उनके घर पर धावा बोला. फरियादा के अनुसार उनके घर की आलामारी में रखे सोने–चांदी के जेवरात और 25 हजार रू. नगद चोरी हुए हैं. वहीं लामाखेड़ा निवासी छगन विश्वकर्मा ने निशातपुरा थाने में पुलिस को जानकारी दी है कि अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ कर करीब 90 हजार रू. के जेवरात चोरी कर लिए हैं. दोनों ही मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

### शादी का प्रस्ताव ठुकराया, आरोपी ने किया हमला

**भोपाल.** शहर के गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित ऐरोसिटी पार्क के पास बीते 4 सितम्बर को एक खौफनाक वारदात हुई. जहां 22 वर्षीय युवती पर आरोपी ने धावा बोल दिया. युवती रास्ते से गुजर रही थी तभी आरोपी दिनेश जाटव आ गया. उसने युवती को रास्ते में रोकते हुए पहले बात करने की कोशिश की. जानकारी सामने आई है कि आरोपी दिनेश जाटव लंबे समय से युवती पर शादी का दबाव बना रहा था.


